पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

# बजट प्रदेश के विकास और आम लोगों के हितार्थ

——

# महिला सशक्तिकरण और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान वाला बजट

## –राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——

लखनऊ : 20 फरवरी, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज उत्तर प्रदेश विधानसभा में पेश राज्य सरकार के बजट–2025 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट को प्रदेश के विकास और आम लोगों के हितार्थ बताया, जिसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं।

राज्यपाल जी ने कहा कि बजट का फोकस प्रमुख रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं, उद्यमियों और व्यापारियों के कल्याण पर है। उन्होंने महिला और श्रमिक कल्याण के लिए किए गए प्रावधानों को सराहा, जिससे महिला सशक्तिकरण और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान को बल मिलेगा।

राज्यपाल जी ने बताया कि बजट में कानून व्यवस्था में सुधार, निवेश वृद्धि, और वायु, जल, सड़क, और रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है, जो प्रदेश की समृद्धि और कल्याण में सहायक होगा।

———

संपर्क सूत्रः
कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0 : 9454468250